# वन महोत्सव, 2025

राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जयपुर द्वारा दिनांक 07.07.2025 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विधानी, जयपुर में वन महोत्सव का आयोजन Planet Nurture Foundation जयपुर के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में श्री मुकेश कुमार तिवाड़ी, मुख्य प्रबन्धक रा.रा.जै.वि.बोर्ड, जयपुर द्वारा जैव विविधता के महत्व एवं उसके संरक्षण के बारे में बताया गया।






इसके साथ ही Planet Nurture Foundation के पदाधिकारियों एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य द्वारा प्रकृति में वृक्षो एवं वनों के महत्व को बताकर इनका संरक्षण एवं संवर्धन करने को उत्साहित किया गया।





कार्यक्रम के अगले चरण में श्री मनीष कुमार कुलदीप, प्रबन्धक रा.रा.जै.वि.बोर्ड एवं श्री विनोद कुमार पालीवाल, सहायक लेखाधिकारी द्वारा विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तरी कर वन एवं वन्यजीवों के बारे में जागरूक कर उनके संरक्षण को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा चित्रकारी प्रतियोगिता में भाग लिया गया एवं विजेताओं को राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।





तत्पश्चात विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों यथा नीम, पीपल, बरगद, आम, जंगल जलेबी, कचनार, सेजन, करंज इत्यादि पौधो का पौधारोपण उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं विद्यार्थियों द्वारा किया गया। साथ ही विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पौधो की सुरक्षा एवं पालन हेतु शपथ दिलाई गई।



